

अग्नि

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

अग्नि के पाँच प्रकार होते हैं। इनमें प्रथम है भौतिक अग्नि। भौतिक अग्नि वह है जिसके द्वारा आप अपने घर को गर्म करते हैं और शरीर में उष्णता बनाए रखते हैं। यह जीवन का भरण-पोषण करती है। जहां जलवायु गर्म हो, ऐसे देशों में भौतिक अग्नि को अधिक महत्त्व नहीं दिया जाता, परंतु शीत प्रधान देशों में इसका बहुत महत्त्व है। भौतिक अग्नि के बिना जीवन की संभावनाएँ क्षीण हो जाती हैं। यह भौतिक अग्नि कुछ सीमा तक शरीर में भी विद्यमान रहती है। इसके पश्चात् द्वितीय प्रकार की अग्नि है जिसे कामाग्नि कहा जाता है, अर्थात् कामना या वासना की अग्नि। इसी आसक्ति या कामाग्नि के कारण इस ग्रह पर जीवन निरंतर चलता रहता है। काम की यह अग्नि समस्त जीव-जंतुओं की प्रजातियों में विद्यमान है। भोजन के अतिरिक्त, काम सबसे प्राचीन संस्कारों में से एक है। समस्त जन्मों में हमने निश्चित रूप से दो कार्य किए हैं, एक है भोजन करना और दूसरा है मैथुन। वानर, गाय या सिंह के रूप में समस्त शरीरों से गुज़रते हुए, ये दो कृत्य सदैव उपस्थित रहे हैं। तृतीय प्रकार की अग्नि को जठराग्नि कहा जाता है, जो भूख और पाचन की अग्नि है। यह आयुर्वेद के महत्त्वपूर्ण सिद्धांतों में से एक है। यदि पाचन की अग्नि मंद या तीव्र हो, तो यह आपके स्वास्थ्य और आपके संतुलन को प्रभावित करती है। भूख का अनुभव होने से पूर्व ही आप भोजन कर लेते हैं। अनेक लोग भूख के कारण नहीं, बल्कि अति-भोजन के कारण रोगग्रस्त होते हैं। यहाँ पर उपवास का सिद्धांत बहुत ही प्रासंगिक हो जाता है। जब आप उपवास करते हैं, तब आपके शरीर की प्रत्येक कोशिका जीवंत हो उठती है। उपवास एक अत्यंत उत्तम चिकित्सा है। यह आपके तंत्र को शुद्ध कर सकती है। उपवास करते समय अपने शरीर की प्रकृति और सामर्थ्य को ध्यान में रखना आवश्यक है; अति-भोजन और अति-उपवास दोनों ही उचित नहीं हैं। चतुर्थ प्रकार की अग्नि, सामाजिक आलोचना का भय है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। जब आपको संसार में एक निश्चित आचार-संहिता का पालन करना होता है, तो स्वाभाविक रूप से आलोचना का भय और दंडित होने का भय उत्पन्न होते हैं। यदि आप आलोचना को लेकर बहुत चिंतित हैं कि लोग आपके बारे में क्या सोचेंगे या क्या कहेंगे, तो आप मूल तत्त्व को खो रहे हैं। आलोचना की अग्नि आपके भीतर नैतिकता को बनाए रखती है। परंतु यदि यह अनियंत्रित या सीमा से बाहर हो जाए, तो यही आलोचना की अग्नि आपकी स्वतंत्रता और उन्मुक्तता की भावना को समाप्त कर सकती है। पाँचवीं अग्नि, ज्ञान या प्रेम की अग्नि है। प्रेम की अग्नि एक तड़प या तीव्र अभिलाषा से प्रारंभ होती है। यह नवीनतम प्रतीत होती है और असहज भी लग सकती है। केवल मानव जन्म में ही इस अग्नि का अनुभव किया जा सकता है। प्रेम की अग्नि या ज्ञान की अग्नि प्रारंभ में अप्रियता या तीव्र विरह की भावना उत्पन्न करती है, परंतु अंततः यह आनंद व पूर्णता के प्रस्फुटन की ओर अग्रसर होती है। जो इन पाँच अग्नियों से होकर गुज़रा है, वह शुद्ध हो गया है और वह दूसरे छोर पर पहुँच गया है।

यूपी में बीजेपी ने फाइनल किया 209 प्रत्याशियों के नाम

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी में किसी भी समय चुनावी बिगुल बज सकता है। ऐसे में बीजेपी जीत की हैट्रिक लगाने के लिए एक्शन मोड में है। दीपावली के समापन के साथ ही बीजेपी यूपी में ग्राउंड पर एक्टिव मोड में उतर गई है।

जानकारी के मुताबिक यूपी की 403 विधानसभा सीटों में से 209 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम फाइनल किए जा चुके हैं। ये नाम अब लखनऊ से दिल्ली भेज दिए गए हैं। अब माना जा रहा है कि इस लिस्ट के साथ ही अब बीजेपी का यूपी चुनाव को लेकर एक्शन शुरू हो गया है। 209 नाम फाइनल होने के बाद यूपी में बीजेपी के आधे प्रत्याशियों के नाम कन्फर्म माने जा रहे हैं। इस बार यूपी में बीजेपी 300 पार का टारगेट लेकर चल रही है।

दरअसल, बीजेपी ने 209 कैंडिडेट की लिस्ट तैयार की है। ये नाम कैटेगरी के तहत तय किए गए हैं। इन सभी नामों को अब लखनऊ से दिल्ली से भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बीजेपी ने 209 उम्मीदवारों का नाम शॉर्टलिस्ट कर लिया है और इंतजार अब पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के कंफर्मेशन का है। जैसे ही इन नामों पर फाइनल मुहर लगेगी तो इन कैंडिडेट्स को टिकट के लिए हरी झंडी दे दी जाएगी, ताकि

लखनऊ से दिल्ली भेजी गयी लिस्ट

उम्मीदवारों को अपने इलाके में पर्याप्त समय मिल सके। ये भी जानकारी सामने आ रही है कि बीजेपी के इन प्रत्याशियों के नाम सीएम योगी की सहमति के बाद ही फाइनलाइज किए गए हैं। दूसरी तरफ यूपी में एसआईआर को लेकर भी जंग जारी है। सीएम योगी ने कहा कि अखिलेश यादव अब एसआईआर वापस लेने की मांग नहीं करेंगे, क्योंकि वो जानते हैं कि एसआईआर में मुस्लिम वोटर्स की संख्या 1.63 परसेंट बढ़ी है। अखिलेश यादव को इसमें फायदा दिख रहा है। वहीं 1 करोड़ 27 लाख हिंदू वोटर्स के नाम कट गए हैं। चुनाव आयोग से इसकी शिकायत की गई है, लेकिन अखिलेश यादव स्ट्रक के खिलाफ शिकायत नहीं करेंगे। क्योंकि उनका वोट बैंक बढ़ता दिख रहा है।

सीएम योगी ने 2027 के चुनाव को 80-20 की लड़ाई बताते हुए कहा कि 80 फीसदी मतदाता सुरक्षा, सुशासन और समृद्धि के मुद्दे पर बीजेपी और एनडीए के साथ खड़े हैं, जबकि सिर्फ 20 फीसदी वोटर विपक्ष के साथ जाएंगे। सीएम योगी ने बटेंगे तो कटेंगे नारे को भी जस्टिफाई किया है। सीएम योगी ने कहा कि ये ध्रुवीकरण का नारा नहीं है, बल्कि इतिहास से सबक लेने का प्रयास है कि अगर हम जाति, क्षेत्र, भाषा के नाम पर बटेंगे तो हमें सिर्फ और सिर्फ नुकसान उठाना पड़ेगा। एक रहेंगे तो नेक रहेंगे, सुरक्षित रहेंगे।

दिवाली पर करीना कपूर को आया माता-पिता पर प्यार



मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड सेलेब्स अपने करीबियों और प्रियजनों के साथ दिवाली मना रहे हैं। इस मौके पर करीना कपूर ने अपने परिवार के साथ कुछ तस्वीरें शेयर कीं। इनमें उनके पिता रणधीर कपूर और मां बबीता कपूर नजर आ रहे हैं। करीना कपूर का माता-पिता के साथ तस्वीरें शेयर करना इसलिए खास क्योंकि उनके माता-पिता बहुत कम नजर आते हैं। उनकी बहन करिश्मा कपूर भी वहां मौजूद थीं। एक तस्वीर में करीना के बेटे तैमूर ने अपने नाना को गले लगाया है। इंस्टाग्राम पर इन तस्वीरों को शेयर करते हुए करीना ने कैप्शन में लिखा, जीना यहां, मरना यहां, मां और पापा के सिवाय, जाना कहां? सभी को दीवाली की शुभकामनाएं। अपने माता-पिता से प्यार करना ही सबकुछ है। करीना कपूर अभिनेता रणधीर कपूर और बबीता की बेटी हैं। उनकी बड़ी बहन करिश्मा कपूर भी एक अभिनेत्री हैं। करीना की शादी सैफ अली खान से हुई है और उनके दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। करीना अक्सर त्योहारों और पारिवारिक मिलन-समारोहों के दौरान अपने बेटों की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक पॉडकास्ट में करीना ने अपने परिवार के बारे में कहा कि मेरी मां (बबीता) एक बहुत ही मध्यमवर्गीय परिवार से आती थीं। मेरे नाना (हरि शिवदसानी) भी एक अभिनेता थे, मगर हमें कभी ऐसा महसूस नहीं कराया गया कि हम किसी फिल्मी परिवार से हैं। मैं पहली बार 8 या 9 साल की उम्र में किसी सेट पर गई थी। जब चिंटू अंकल कश्मीर में रेखा जी के साथ शूटिंग कर रहे थे। उन दिनों मेरे दादाजी (राज कपूर) भी बहुत आराम से रहते थे।

दिवाली की रात 12 घंटे के अंदर 41 की मौत

कहीं भीषण सड़क हादसा हुआ तो कहीं घर में जिंदा जले लोग

सिवनी (एजेंसी)। देशभर में धूमधाम से दिवाली मनी। लोगों ने जमकर त्योहार का आनंद लिया। लेकिन उत्सव के बीच कई जगहों पर आग लगने की दुर्घटनाएं और सड़क हादसे भी सामने आए। दिल्ली से लेकर दिल्ली, यूपी, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ तक कहीं लोग अपने घर में जिंदा जलकर मर गए तो कहीं लोग सड़क हादसों में मारे गए। देश के अलग-अलग हिस्सों में हुई आगजनी और सड़क हादसों की कई घटनाओं ने दहशत पैदा कर दी। इनमें 12 घंटे के अंदर 41 लोगों की मौत हो गई।

मध्य प्रदेश के कटनी में दिवाली की रात घर में भयानक आग लगने से एक ही फैमिली के 6 लोगों की मौत हो गई। आग कटनी के बरही में तीन मंजिला इमारत में लगी और फिर पूरा घर आग की चपेट में आ गया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दमकल की टीम भी लोगों को वक्त रहते रेस्क्यू नहीं कर सकी। इस अग्निकांड में मकान के अंदर मौजूद रहे 6 लोगों की मौत हो गई। इसमें 2 माह का एक मासूम भी शामिल है।

मध्य प्रदेश में एक और घटना सिवनी जिले के छपारा कस्बे के



महावीर वार्ड में हुई। यहां सोमवार तड़के लगभग 3 बजे सर्राफा व्यापारी कुंदन सोनी के घर में आग लग गई। इस दुर्घटना में एक ही फैमिली के 6 सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान 75 साल के कुंदन लाल सोनी, 65 साल की राजकुमारी सोनी, 42 साल की रितु सोनी, 40 साल की स्मृति सोनी, 45 साल के सूर्या सोनी और 16 साल के आदित्य सोनी के रूप में हुई है। हादसे के दौरान, घर में कुल 10 लोग थे। इनमें से 4 अन्य लोगों को सुरक्षित बाहर निकालकर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। पूरे देश ने कल पूरे जोश और उत्साह के दौरान दिवाली मनाई। इस दौरान लोगों ने दीये जलाए। जगह-जगह आतिशबाजी हुई। इसी आतिशबाजी ने दिल्ली में एक घर के चिराग को बुझा दिया। दिल्ली के नरेला इलाके में अनार हाथ में ब्लास्ट होने से 10 साल के बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। ये बच्चा अपने परिवार वालों के साथ आतिशबाजी कर रहा था। अचानक एक अनार आगे की तरफ जाने के बजाय उल्टा उसके सीने पर लगा। बच्चा वहीं जमीन पर गिर गया। बच्चे के घर वाले उसे लेकर तुरंत अस्पताल भागे लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। अस्पताल का कहना है कि यहां लाने से पहले ही बच्चे की मौत हो गई थी। यूपी के मुजफ्फरनगर में भी दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां पानीपत खटीमा हाईवे पर एक कार आग के गोले में तब्दील हो गई और इसमें सवार 6 लोग जिंदा जल गए। ये हादसा सुबह करीब साढ़े 5 बजे हुआ। ये कार शामली से मुजफ्फरनगर की तरफ जा रही थी। तभी तितावी थाना क्षेत्र में डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई और उसमें आग लग गई। सबकुछ इतनी तेजी से हुआ कि इसमें सवार लोगों को बचने का मौका तक नहीं मिला। पुलिस जब तक मौके पर पहुंची, सबकुछ खत्म हो चुका था। बताया जा रहा है कि सभी मृतक हरियाणा के रहने वाले थे।

यूपी के लखनऊ में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर सवारियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई।

लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन का बधाई देने पहुंचे मोदी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। पीएम मोदी ने दिल्ली स्थित आडवाणी के आवास पर पहुंचे और इस खास मौके पर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। अपने जीवन के 100वें वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने एक विशेष लेख लिखकर भारतीय राजनीति और देश के विकास में आडवाणी के योगदान को याद किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने लेख में आडवाणी के जीवन के विभिन्न पड़ावों का जिक्र किया है। उन्होंने विभाजन के दौरान झेली गई मुश्किलों और नए सिरे से जीवन शुरू करने के उनके संघर्ष को याद किया। साथ ही जनसंघ को मजबूत करने और भारतीय जनता पार्टी के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका की चर्चा की है। पीएम मोदी ने इस अवसर को व्यक्तिगत रूप से बहुत भावुक कर देने वाला बताया। उन्होंने लिखा कि मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे हमेशा आडवाणी जी का स्नेह, सान्निध्य और मार्गदर्शन मिलता रहा है। आज उनके साथ बिताए हुए अनगिनत पल, उनसे जुड़ी कितनी ही स्मृतियां मन में उमड़ रही हैं। इस लेख में प्रधानमंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी और आडवाणी के दशकों लंबे राजनीतिक साथ को भारतीय राजनीति में आपसी विश्वास और सम्मान की अनूठी मिसाल बताया। उन्होंने आडवाणी की वैचारिक स्पष्टता, सादगी, अध्ययनशीलता और सिद्धांतों के प्रति प्रतिबद्धता की भी सराहना की। आडवाणी के आवास पर सुबह से ही बधाई देने वालों और पार्टी कार्यकर्ताओं का तांता लगा हुआ है।



अमेरिका में ट्रंप समर्थकों ने हिंदुओं को निशाना बनाया

वॉशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन में रिपब्लिकंस की हार के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समर्थक अब भारतीय समुदाय को निशाना बना रहे हैं। सिएटल में दिवाली



मना रहे भारतीयों के कार्यक्रम में ट्रंप समर्थक जैक लैंग और उसके साथी ने घुस कर प्ले कार्ड लहराए और भारतीय समुदाय के लिए अपमानजनक बातें बोलीं। उनके हाथों में कुछ पोस्टर थे, जिन पर लिखा था- सभी भारतीयों को देश से निकालो और हिंदू ईसाइयों की जगह ले रहे हैं। इस पूरी घटना को लेकर कई अमेरिकी सांसदों ने नाराजगी भी जताई है।

दिवाली कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने जैक लैंग को मौके से फौरन बाहर कर दिया। आपको बता दें कि जैक लैंग वही शख्स है जो व्हाइट रिप्लेसमेंट संगठन से जुड़ा है। ये 6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद भवन पर हुए हमले में शामिल लोगों में से एक था। उसे चार साल की जेल हुई थी लेकिन बाद में 2025 में अपने दूसरे कार्यकाल के पहले दिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उसे माफ कर दिया था। जैक लैंग ने दावा किया कि हिंदू-अमेरिकियों ने टेक्सास को डेमोक्रेट्स के पक्ष में कर दिया है। आपको बता दें कि ये घटना ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका के व्हाइट हाउस में भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दीवाली का त्योहार मनाया है। इस

दिवाली समारोह के दौरान किया हंगामा

घटना पर भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि दिवाली एक अहम त्योहार है। हिंदू समुदाय को बिना किसी डर के अपना त्योहार मनाने का हक है। हमारे शहर और देश में नफरत फैलाने वाली ऐसी हरकतों की कोई जगह नहीं है। अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने भी इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि आइए आज दिवाली पर गर्व से दीया जलाएं, लेकिन साथ ही यह संकल्प भी लें कि हमें हिंदुओं और किसी भी अन्य व्यक्ति के खिलाफ फैलाई जा रही इस नफरत को पूरी तरह खत्म करना है।

आधार कार्ड को वोटिंग से जोड़ा जाना चाहिए

नयी दिल्ली (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव को लेकर कुछ मांगें रखी हैं. सोमवार को अपने एक्स पोस्ट में उन्होंने कहा कि आधार कार्ड को वोटिंग से जोड़ा जाना चाहिए. इसके साथ ही उन्होंने कागज या प्लास्टिक की जगह मेटल कार्ड बनाए जाने की मांग की, ताकि इन्हें नकली तरीके से बनाना मुश्किल हो. अखिलेश यादव ने वोटिंग के दौरान बायोमेट्रिक पहचान अपनाने की भी मांग की. उन्होंने कहा कि उंगलियों के निशान या आंखों से होने वाली बायोमेट्रिक पहचान का इस्तेमाल किया जाना चाहिए, क्योंकि दो लोगों की पहचान एक जैसी नहीं होती. अखिलेश यादव ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि इस तरह की व्यवस्था होने से फर्जी वोटिंग पर रोक लगाई जा सकती है. उन्होंने दावा किया कि इससे बीजेपी फर्जी वोटिंग नहीं करा पाएगी. रविवार को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा था. उन्होंने कहा था कि अगर अखिलेश यादव के अयोध्या स्थित राम मंदिर जाने का आधिकारिक ऐलान होता है, तो वह कुछ सवाल उठाएंगे.

चुनाव सुधार को लेकर अखिलेश यादव की तीन बड़ी मांग

कौशांबी में बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान मौर्य ने दावा किया था कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी. उन्होंने कहा था कि पार्टी को कौशांबी से काफी उम्मीदें थीं. 2017 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने जिले की तीनों सीटों पर जीत दर्ज की थी. रविवार को उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव पर निशाना साधा था. उन्होंने कहा था कि अगर अखिलेश यादव के अयोध्या स्थित राम मंदिर जाने का आधिकारिक ऐलान होता है, तो वह कुछ सवाल उठाएंगे. कौशांबी में बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान मौर्य ने दावा किया था कि 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में बीजेपी लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाएगी. उन्होंने कहा था कि पार्टी को कौशांबी से काफी उम्मीदें थीं.


निकाय चुनाव : चंद्रबाबू नायडू के गठबंधन का दबदबा

अमरावती (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनावों में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाले गठबंधन ने बड़ी जीत दर्ज की है। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने जिला परिषद और मंडल परिषद की करीब 85 फीसदी और 75 फीसदी सीटों पर कब्जा किया है। इन नतीजों के साथ सत्ताधारी गठबंधन ने राज्य की राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ दिखाई है। वहीं, पिछले चुनावों में सत्ता में रही वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) दूसरे स्थान पर रही। कांग्रेस अपना खाता भी नहीं खोल सकी। राज्य में 5 नवंबर को 28 जिलों में मतदान कराया गया था। इससे पहले 77 जेडपीटीसी और 2,051 एमपीटीसी सीटों पर उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए थे। बाकी सीटों पर मतदान के बाद रविवार को मतगणना पूरी हुई। टीडीपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उसके साथ उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण के नेतृत्व वाली जनसेना पार्टी और भाजपा ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। खास बात यह है कि सत्ताधारी गठबंधन ने पिछले सप्ताह शहरी स्थानीय निकाय चुनावों में भी वाईएसआरसीपी को करारी शिकस्त दी थी। अब जिला और मंडल परिषद के चुनावों में भी उसने अपना दबदबा कायम रखा है।

जिलेवार नतीजों में टीडीपी गठबंधन की बढ़त साफ दिखाई दी। श्री सत्य साईं जिले की 32 जेडपीटीसी सीटों में से टीडीपी ने 21 और

85 फीसदी जिला परिषद की सीटों पर दर्ज की जीत

वाईएसआरसीपी ने नौ सीटें जीतीं। तिरुपति जिले की 31 सीटों में टीडीपी को 21 और वाईएसआरसीपी को छह सीटें मिलीं। वाईएसआरसीपी प्रमुख वाईएस जगन मोहन रेड्डी के गृह जिले वाईएसआर कडप्पा में भी उनकी पार्टी को बड़ा झटका लगा। यहां 16 में से वाईएसआरसीपी केवल दो सीटें जीत सकी, जबकि टीडीपी को 12 और जनसेना को दो सीटें मिलीं। एसपीएसआर नेल्लोर जिले की 30 सीटों में टीडीपी ने 26 पर कब्जा किया। वाईएसआरसीपी यहां भी केवल दो सीटें जीत पाई। वाईएसआरसीपी ने मतगणना में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि जिला और मंडल परिषद चुनावों की मतगणना में अनियमितताएं हुईं और राज्य निर्वाचन आयोग ने उनकी शिकायतों पर ध्यान नहीं दिया। जगन मोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के शासन में स्थानीय निकाय चुनावों में गड़बड़ियां जारी हैं।





नगर पंचायत फुलपरास के सभी नगर वासियों, कार्यालय कर्मियों एवं वार्ड पार्षदों को धनतेरस, दीपावली, भैया दूज एवं छठ महापर्व की
हार्दिक शुभकामनाएं।
यह पावन पर्व आपके जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियाँ लेकर आएं।
-: निवेदक :-
धर्मेन्द्र कुमार साह
अध्यक्ष, नगर पंचायत
फुलपरास (मधुबनी)।

चीनी जासूसी मामले में एनवीडिया के सीईओ के बचाव में उतरे ट्रंप

वाशिंगटन (एजेंसी)। चिप बनाने वाली मशहूर कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेन्सेन हुआंग की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तारीफ की है. हुआंग का नाम उस विवाद से जुड़ा है, जिसमें एक चीनी जासूस एलिस हुआंग के साथ उनके के कथित रिश्तों की जांच जारी है. ट्रंप ने फ्लाइट की सीढ़ियां चढ़ने के दौरान कहा कि हुआंग एक सम्मानित व्यक्तित्व हैं.

ट्रम्प ने मीडिया के सामने यह बात उस सवाल के जवाब में कही, जब उनसे इन खबरों को लेकर पूछा गया. राष्ट्रपति ने अपने बयान में कहा, मैंने इस बारे में उनसे किसी तरह की बातचीत नहीं की. मैं बस इतना जानता हूं कि वह एक अच्छे इंसान हैं.

उन्होंने आगे कहा कि लेकिन आप नहीं जान सकते कि असल में क्यो हो रहा है. मुझे उम्मीद है कि सबकुछ ठीक हो जाएगा. उन्होंने अच्छा काम किया है. इस सवाल जवाब के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप, चिप कंपनी के सीईओ का बचाव करते नजर आए. ट्रंप ने कहा, एनवीडिया के सीईओ के पास इसके लिए कोई ठोस स्पष्टीकरण होगा. इसके आगे ट्रंप ने कहा कि हां आपको उनकी बात सुननी चाहिए. आप लोगों के साथ वो ऐसा बर्ताव नहीं कर सकते. इसके अलावा उनसे अगले एशिया दौरे पर हुआंग को साथ ले जाने को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वह एनवीडिया के सीईओ को अपने साथ ले जाने के लिए तैयार हैं.

ट्रंप ने बयान में आगे कहा कि मुझे पक्का नहीं पता, लेकिन मैं उन्हें जरूर साथ ले जाऊंगा. उन्होंने ऐसा कुछ गलत नहीं किया, फिलहाल मैंने तो अबतक नहीं सुना. उन्होंने जरूर किसी के साथ काम किया, लेकिन ऐसा सभी लोग करते हैं. इसके अलावा ट्रंप ने सेक्रेटरी ऑफ डिफेंस यानी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ का बचाव करते हुए कहा कि उनके खिलाफ महाभियोग की मांग को खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, आर्मी ऑपरेशन में अपनी भूमिका के लिए हेगसेथ को महाभियोग का सामना नहीं करना चाहिए. इनमें हमलों ने ईरान के परमाणु क्षमताओं को खत्म कर दिया. इजरायल और पूरे मीडिल ईस्ट की सुरक्षा कायम करने में मदद की.

भारत से और ब्रह्मोस मिसाइलें खरीदेगा फिलीपींस

नयी दिल्ली (एजेंसी)। फिलीपींस भारत से ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की अतिरिक्त खरीद की तैयारी कर रहा है। उसका उद्देश्य समुद्री सीमाओं की सुरक्षा मजबूत करना और चीन की बढ़ती सैन्य गतिविधियों का मुकाबला करने की क्षमता बढ़ाना है।

सैन्य जरूरतों के हिसाब से बदलाव की भी मांग

फिलीपींस ने भारत के सामने मिसाइल प्रणाली में कुछ बदलाव करने का प्रस्ताव भी रखा है, ताकि इसे अपनी भौगोलिक परिस्थितियों और सैन्य जरूरतों के मुताबिक इस्तेमाल किया जा सके। अगर यह संभावित सौदा आगे बढ़ता है तो भारत और फिलीपींस के रक्षा संबंधों को नई मजबूती मिल सकती है। फिलीपींस के रक्षा मंत्री गिल्बर्टो टेओडोरो तीसरे दिल्ली डिफेंस डायलॉग में अतिरिक्त ब्रह्मोस मिसाइलें खरीदने की इच्छा जताई थी। उन्होंने कहा कि फिलीपींस अपने पास मौजूद ब्रह्मोस मिसाइलों की संख्या बढ़ाना चाहता है। इसके लिए भारतीय अधिकारियों को अपनी जरूरतों से जुड़ी एक सूची भी दी गई है। इसमें मिसाइल प्रणाली को फिलीपींस के



वातावरण और सैन्य जरूरतों के हिसाब से बेहतर बनाने की मांग शामिल है। संभावित खरीद में करीब पांच अतिरिक्त सिस्टम या कुल लगभग 60 मिसाइलें शामिल हो सकती हैं। इसकी कीमत 700 से 800 मिलियन डॉलर के बीच रहने का अनुमान है। फिलीपींस ने वर्ष 2022 में भारत के साथ 375 मिलियन डॉलर का समझौता किया था। इसके तहत उसने अपनी नौसेना के लिए तट से दागी जाने वाली ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइलों की तीन बैटरियां खरीदी थीं। इन मिसाइलों का मुख्य उद्देश्य समुद्र में दुश्मन के युद्धपोतों को निशाना बनाना और देश की समुद्री सीमाओं की रक्षा करना है। फिलीपींस अब ब्रह्मोस को केवल एक हथियार नहीं, बल्कि अपनी तटीय रक्षा और लंबी दूरी तक हमला करने की रणनीति का अहम हिस्सा बना रहा है।

चीन दक्षिण चीन सागर के बड़े हिस्से पर अपना दावा करता है। इस वजह से फिलीपींस और चीन के बीच समुद्री क्षेत्र को लेकर तनाव बना रहता है। फिलीपींस अपनी सैन्य क्षमता बढ़ाकर चीन को चुनौती देने की स्थिति मजबूत करना चाहता है। ब्रह्मोस मिसाइल उसे समुद्र में दुश्मन के जहाजों को दूर से निशाना बनाने की ताकत देती है। इस साल अमेरिकी और फिलीपीनी मरीन बलों ने संयुक्त अभ्यास के दौरान ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइलों के इस्तेमाल का अभ्यास भी किया। इसमें ड्रोन और जमीन से दागी जाने वाली मिसाइलों की मदद से समुद्री लक्ष्यों पर हमला करने की रणनीति पर काम किया गया।

फिलीपींस ने पश्चिमी लुजोन के तट पर जाम्बालेस स्थित फिलीपीन नेवल स्टेशन लियोविजिल्डो गांतिओकी में ब्रह्मोस के लिए विशेष सैन्य ठिकाना तैयार किया है। ब्रह्मोस जमीन, समुद्र और हवा से दागी जा सकती है। यह सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है और करीब मैक 3 की रफ्तार से उड़ सकती है।इसका मतलब है कि यह आवाज की गति से लगभग तीन गुना तेज चलती है। यह जमीन के काफी नजदीक उड़ान भर सकती है, जिससे रडार की पकड़ में आना मुश्किल होता है।

अब आपके शहर पटना में राम मनोहर लोहिया हास्पीटल, नई दिल्ली के 25 वर्षों के अनुभवी प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ0 ए0 के ठाकुर उपलब्ध है।

HEALTHY HEART CLINIC
Dr. A. K. THAKUR
MD, DM, CARDIO (Gold Medalist)
PGI, RML Hospital, New Delhi
Visiting Consultant at
Asian City Hospital, Patna



ECG, ECHO, HOLTER, TMT, ABPM, ILR, ANGIOGRAPHY, ANGIOPLASTY, PACEMAKER ICD, CRTD इत्यादि की सुविधा उपलब्ध है।

आयुष्मान भारत योजना, मुख्यमंत्री राहत योजना एवं TPA / इंश्योरेंस से कैशलेस इलाज की व्यवस्था
Adult Vaccination Available

एम 2/36, श्रीकृष्णापुरी, मिश्रा फार्मा के बगल में, कृष्णा अपाटमेंट के सामने, बोरिंग रोड, पटना
7061824674, 7250257778